हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री


12 अब दफ्तर नहीं, गांवों में होगा प्रशासन, हर पंचायत...





12 पुलिस को देख स्कार्पियो छोड़कर भागे आरोपी...






# बस्तर में ग्रामीणों ने खुद संभाली जंगल की कमान, लकड़ी कटाई पर सीधा लोकदंड

## हर घर से चंदा, अपनी चौकीदारी, अवैध कटाई पर 5 हजार का जुर्माना जंगल बचाने का ऐलान

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

नगर पंचायत बस्तर के जंगलों में जारी अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ आज वह तस्वीर सामने आई,जिसने पूरे अंचल में नई बहस छेड़ दी है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई शून्य रहने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने अब शासन-प्रशासन की प्रतीक्षा छोड़ते हुए जंगल की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। गांव और जंगल के रिश्ते को बचाने के लिए ग्रामीणों, वन विभाग की मौजूदगी में सामूहिक शपथ लेकर साफ कर दिया गया। अब जंगल कटेगा नहीं,और जो काटेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

अभियान के दौरान वनसमिति के अध्यक्ष,सचिव,नगर पंचायत पार्षद, इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष,महिला प्रतिनिधि,वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब शासन एक ओर पौधारोपण का दावा करता है और दूसरी ओर हजारों पेड़ों की कटाई पर आंख मूंद लेता है, तब जल-जंगल-जमीन केवल नारा बनकर रह जाता है। अब जंगल की रक्षा ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जंगल बचाने का ग्राम संकल्प

ग्रामवासियों ने सामूहिक शपथ लेकर निर्णय लिया कि जंगल की रखवाली अब गांव खुद करेगा,हर घर से चंदा लेकर रखवार रखा जाएगा, उसकी मजदूरी गांववाले देंगे,अवैध लकड़ी कटाई करते पकड़े जाने पर सीधे पाँच हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। जंगल-जमीन-पानी को बचाना गांव की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। शासन से मांग की जाएगी कि स्थायी समाधान के लिए वन रक्षकों की भर्ती तत्काल की जाए।



### जंगल की निगरानी गांव खुद करेगा।

ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से तय किया कि जंगल की निगरानी गांव खुद करेगा। हर घर से चंदा इकट्ठा कर रखवार नियुक्त किए जाएंगे, जिनका मेहनताना गांववाले स्वयं देंगे। जंगल में अवैध कटाई करते पकड़े जाने पर सीधे पाँच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह निर्णय केवल चेतावनी नहीं, बल्कि शासन की निष्क्रियता के खिलाफ ग्रामीण आत्मनिर्भरता की खुली घोषणा है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल बचा तो जमीन बचेगी, पानी बचेगा और आदिवासी जीवन बचेगा, वरना विकास के नाम पर सब कुछ सूखता चला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सर्वाधिक 87 सड़कें बस्तर जिले में बनेंगी



**जगदलपुर।** ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत राज्य में 2225 करोड़ रुपये की लागत से 774 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से हुई है। उप मुख्यमंत्री ने जारी बयान में कहा है कि पीएमजीएसवाय के अंतर्गत सबसे अधिक 87 सड़कें बस्तर जिले में बनेंगी। बीजापुर में 44, कांकेर में 41, कोण्डागांव में 34, सुकमा में 16, दंतेवाड़ा में 12 को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की...



दंतेवाड़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### तीन प्रमुख ट्रेनों के समय में फेरबदल,यात्री फिर असमंजस में

## रेलवे की नई समयसारिणी ने बिगाड़ा बस्तर का सफर, मिनटों का बदलाव, घंटों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नए साल के साथ रेलवे ने नई समयसारिणी तो लागू कर दी, लेकिन बस्तर के यात्रियों को इसमें राहत के बजाय उलझन ही हाथ लगी है। एक जनवरी 2026 से प्रभावी टाइम टेबल में बस्तर आने-जाने वाली पांच ट्रेनों में से तीन के समय में 20 से 30 मिनट तक का बदलाव किया गया है, जिसने रोजमर्रा के यात्रियों, नौकरीपेशा और दूरदराज से आने-जाने वालों की दिनचर्या को फिर अस्त-व्यस्त कर दिया है। खास बात यह है कि यह बदलाव न तो किसी बड़ी सुविधा से जुड़ा है और न ही यात्रियों की पुरानी मांगों को पूरा करता है। नई समयसारिणी के तहत हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस,





भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस और विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस के आगमन-प्रस्थान समय में फेरबदल किया गया है। हीराखंड एक्सप्रेस अब जगदलपुर से पहले की तुलना में आधा घंटा पहले रवाना होगी, जबकि वापसी में यात्रियों को एक घंटा अधिक इंतजार करना पड़ेगा। वहीं समलेश्वरी एक्सप्रेस का जगदलपुर आगमन और देर से कर दिया गया है,जिससे रात में सफर करने वालों की परेशानी और बढ़ गई है। नाइट एक्सप्रेस के समय में बदलाव भी यात्रियों के लिए असहज साबित हो रहा है। पहले जहां यह ट्रेन रात करीब आठ बजे रवाना होती थी, अब उससे पहले ही छूट जाएगी,जिससे कनेक्टिंग यात्रियों को अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ेगा। इसके उलट कुछ ट्रेनों की समयसारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि जब सुधार करना ही था, तो मांग के अनुरूप समग्र बदलाव क्यों नहीं किया गया। सबसे अधिक नाराजगी इस बात को लेकर है कि वर्षों से उठ रही मांगों को एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया। हावड़ा से आने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को रात आठ बजे तक जगदलपुर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बदली और यथावत ट्रेनों की स्थिति

नई समयसारिणी में सबसे पहले भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस को जगदलपुर से पहले के मुकाबले आधा घंटा पहले रवाना किया गया और वापसी में इसके आगमन का समय एक घंटे आगे बढ़ाया गया, इसके बाद हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस के जगदलपुर आगमन को रात 10 बजे से बढ़ाकर 10.30 बजे कर दिया गया जबकि प्रस्थान समय पूर्ववत रखा गया, तीसरे क्रम में विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस का जगदलपुर आगमन व प्रस्थान समय पहले से पहले कर दिया गया, वहीं जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस और विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर की समयसारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

बकावंड में जन समस्याओं को लेकर जनता कांग्रेस और मुक्ति मोर्चा ने दिया धरना

## सड़क, स्वास्थ्य सुविधा नहीं, किसानों की कोई सुनने वाला नहीं: नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों की समस्याओं को लेकर आज एक दिवसीय धरना दिया गया । मांगों को लेकर प्रदर्शन के बाद आयुक्त एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनीत ने कहा कि बकावंड बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। उचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं है, शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, शिक्षकों की ▶▶|शेष पेज 10 पर





### ये रहे उपस्थित


ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, नोबी निषाद , नरपति बघेल, बनमाली बघेल, शंकर कश्यप , लक्की बघेल, गणेश कश्यप, देवेंद्र देवांगन बुधराम यादव, सत्या कुमार बघेल, कमल बघेल , गौतम दास, संतु कश्यप, उदय भंडारी, ओम प्रकाश रजक देतारी कश्यप शिव राम पाकलू कश्यप मानसिंह बघेल, सुरेश नाग, प्रिया यादव, गायत्री ठाकुर, धन सिंग बघेल उपस्थिति थे।

### मांगों को पूरा करे शासन

प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं पीडब्लूडी के अंतर्गत निर्मित सड़कों एवं अन्य निर्माण के गुणवत्ता विहीन कार्य की जांच व भुगतान पर रोक की मांग की गई। बकावंड मुख्य मार्ग से गैस गोदाम तक, कोड़ावंड चौक से गिरोला पहुंच मार्ग, कोसमी से तुंगपाल, किंजोली से बोरपदर रोड, नलपावड से मुख्य मार्ग जगदलपुर चौड़ीकरण, भेजरीपदर कोसमी चौक से नलपावंड पहुंच मार्ग।

### स्वास्थ्य सुविधा वेंटिलेटर पर

बकावंड मुख्यालय की स्वास्थ्य सुविधा वेंटिलेटर पर है। 172000 जनसंख्या के लिए रेफर केंद्र बना है । 108 और 102, सोनोग्राफी मशीन , मुक्तांजली वाहन एवं डॉक्टर नर्स की पर्याप्त मात्रा में नियुक्ति एवं सर्व सुविधा दिए जाने की मांग। बकावंड राजनगर कोसमी मोंगरपाल, नालपवंड की मांग समय रहते तत्काल निराकृत करे प्रशासन।



### नववर्ष पर विश्व शांति वैदिक हवन व सत्संग



**जगदलपुर।** आंग्ल नववर्ष 1 जनवरी को महर्षि सदाफल देव आश्रम बोधघाट कॉलोनी में विश्व शांति वैदिक हवन एवं सत्संग का आयोजन किया गया । वर्षों से विहंगम योग के क्रियात्मक साधन द्वारा शिष्य जिज्ञासु लोग आत्मिक उन्नति, व्यवहारिक, आध्यात्मिक, शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ विविध कर्मक्षेत्र में सफल हो रहे हैं। विहंगम योग के प्रवर्तक सद्गुरु सदाफल देव हैं व प्रचारक परम्परा सद्गुरु आचार्य धर्मचन्द्रदेव, वर्तमान में आचार्य स्वतन्त्र देव व संत प्रवर विज्ञान देव हैं। आंग्ल नव वर्ष पर आयोजित विश्व शांति वैदिक हवन यज्ञ द्वारा विश्व के कल्याण की कामना की गई तथा विहंगम योग के क्रियात्मक साधन को विस्तार से बताया गया। वैदिक हवन यज्ञ ,सत्संग के पश्चात भोजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। आगंतुक अतिथियों का एवं आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले शिष्यों का सम्मान वस्त्र विशेष से किया गया। यह ▶▶|शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### 188वीं वाहिनीं केरिपु बल में नववर्ष के अवसर पर हुई पूजा-अर्चना

**कोण्डागांव।** नववर्ष के अवसर पर भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में नीतीन्द्रनाथ द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में 188 वी बटालियन चिकलपुट्टी कोण्डागांव में कार्मिकों व उनके परिवारजनों के कल्याण के लिए पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें 188 वी बटालियन के उपस्थित सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए तथा नीतीन्द्रनाथ द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा सभी कार्मिकों व उनके परिवारजनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाये दिया गया।

### विकासखंड स्तरीय खेल महोत्सव का भव्य आगाज

**केशकाल।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत "शिक्षा का अधिकार – सब पढ़ें, सब बढ़ें" के उद्देश्य को साकार करते हुए विकासखंड केशकाल के ग्राम अरंडी में विकासखंड स्तरीय खेल महोत्सव 2026 का शुभारंभ होने जा रहा है। वर्ष 2025–26 की इस महत्वपूर्ण पहल के तहत शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन 03 जनवरी से 05 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन समारोह 3 जनवरी 2026, शनिवार को प्रातः 10:30 बजे ग्राम अरंडी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति अध्यक्ष चौधरी जायसवाल करेंगे। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षा समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रहेगी।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर में ग्रामीणों ने खुद संभाली जंगल...

गांव करेगा, यह संकल्प आज बस्तर की आवाज बन गया है। इस दौरान वनसमिति अध्यक्ष सीताराम,सचिव बंसीधर कश्यप,नगर पंचायत पार्षद मंगल राम सहदेव, इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप,वरिष्ठ नागरिक रविशंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रेलवे की नई ...

लाने की मांग पुरानी है,लेकिन अब यह ट्रेन और देर से पहुंचने लगी है। इसी तरह किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस के समय में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को कोई राहत नहीं मिल पाई। अन्य लंबित मांगें भी नई समयसारिणी में जगह नहीं बना सकीं।

### सड़क, स्वास्थ्य...

कमी की पूर्ति आज तक नहीं हुई, किसानों के धान खरीदी को लेकर अव्यवस्था है। क्षेत्र में समस्याओं के बावजूद शासन और प्रशासन आखिर कहां है, धरने में मुद्दों को उठाने के साथ मांगों पर कार्रवाई करने की बात कही गई।

पलायन कर रहे युवाः जनपद पंचायत बकावंड के अंतर्गत 15 वां वित्त आयोग के सत्र 2023-24 के अनुमोदन कार्य का भौतिक सत्यापन और जांच की मांग। स्थानीय युवाओं द्वारा रोजगार की कमी के चलते अन्य राज्यों में पलायन करने की समस्या का समाधान हेतु ब्लॉक स्तर पर छोटे-छोटे लघु उद्योग की स्थापना व रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाने की मांग।

### नववर्ष पर विश्व...

आयोजन पूर्णिमा सरोज, रोहित सरोज एवं विहंगम योग संत समाज परिवार द्वारा किया गया। ये रहे मौजूदः इस अवसर पर आश्रम प्रभारी एलबी. मौर्या, सुनील पिल्ले, सुकालु राम साहू, विद्यार्थी लोकनाथ, प्रेम देवी नाग, रसूला, मैना नाग, लक्ष्मी, चमेली, मराठे, एकता मद्धेशिया, नेहा शर्मा, विशाखा साहू, मीना नाग, बन्नू नाग, मनीषा कुलदीप, सुरेश कुमार, बलराम नाग, बलीराम कश्यप, ताजीराम, राजकुमार मानिकपुरी, दीपक कश्यप, जे.एम. गोल्ला, गोल्ला नाग लक्ष्मण राव, शशांक शेंडे,धनलक्ष्मी, जयश्री शेंडे, सृजन गोयल, खेलुराम नवरंग, परमेश्वरी, मीना नाग, एकता, कृति सुरोजिया, वैशाली नाग, जान्हवी नाग, उप्रेती बहनें एवं विभिन्न जिलों से विहंगम योग सन्त समाज के साधक, शिष्य व पदाधिकारी एवं जिज्ञासु मौजूद थे ।

## पहल: सतपाल महाराज की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान

# मानव सेवा दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया श्रमदान, सड़क की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नव वर्ष के प्रथम दिन नगर पंचायत फरसगांव में स्वच्छता को लेकर एक प्रेरणादायी पहल देखने को

- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के डिवाइडर व सड़क की हुई सफाई
- नागरिकों में बढ़ा नगर पंचायत प्रशासन पर विश्वास

मिली। नगर पंचायत द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे स्वच्छता कार्यों और विशेष स्वच्छता अभियान से प्रभावित होकर मानव सेवा दल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परम पूज्य सतपाल महाराज की प्रेरणा से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के डिवाइडर एवं सड़क किनारे जमा धूल–कचरे की सफाई कर स्वच्छता श्रमदान किया।

स्वच्छता श्रमदान में मानव सेवा दल के जिला प्रधान रामचंद्र नाग, जिला उपप्रधान जयमल राणा, शाखा प्रधान महेश निषाद, गुमान नाग, मदन नाग, सुखमन शोरी, चतुर्वेद निषाद सहित अन्य सदस्यगण सक्रिय रूप से शामिल रहे। श्रमदान के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली, जो स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जनसहभागिता का प्रतीक रही।




### स्वच्छता से जनआस्था और विश्वास मजबूत

श्रमदान के दौरान उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण रहा कि नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विगत महीनों से किए जा रहे निरंतर सफाई कार्यों से नागरिकों का विश्वास बढ़ा है। यह पहल नगर में स्वच्छता की एक नई क्रांति की शुरुआत के रूपखी जा रही है।

### अध्यक्ष और सीएमओ ने किया आभार व्यक्त

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मानव सेवा दल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किए गए स्वच्छता श्रमदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों का यह प्रयास सभी नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श बनाने की दिशा में और ऊर्जा मिलेगी।

### स्वच्छता राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति का विषय

मानव सेवा दल द्वारा नव वर्ष की शुरुआत स्वच्छता श्रमदान से करना स्वच्छता के प्रति गंभीर सोच को दर्शाता है। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और अपने घर–आंगन के साथ–साथ आसपास की सड़कों व नालियों की सफाई भी हम सभी का दायित्व है। स्वच्छ नगर ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार कर सकता है।

### नगरवासियों से सहभागिता की अपील

नगर पंचायत प्रशासन ने समाजसेवी संस्थाओं, युवाओं, व्यापारी बंधुओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता श्रमदान अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें, ताकि फरसगांव नगर स्वच्छ, सुविधापूर्ण और अन्य नगरों के लिए प्रेरणास्रोत बन सके।

# उषा देवी संचेती के मरणोपरांत परिवार ने किया नेत्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नववर्ष के अवसर पर मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए कोण्डागांव के शीतलापारा निवासी स्वर्गीय श्रीमती उषा देवी संचेती के परिवारजनों ने उनके मरणोपरांत नेत्रदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। जिला चिकित्सालय कोण्डागांव के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी. एल. मांडवी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी के निर्देशन में नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नोडल अधिकारी अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. ख्याति साक्षी के मार्गदर्शन में डॉ. सोनू शेट्टी नेत्र विशेषज्ञ एवं सर्जन सहित टीम द्वारा उनके निवास पर जाकर सफलतापूर्वक नेत्रदान लिया गया।

जैन समाज का दूसरा नेत्रदान, समाज के लिए प्रेरणा यह कोंडागांव जिले में जैन समाज द्वारा किया गया दूसरा नेत्रदान है। स्वास्थ्य विभाग ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकती है। कॉर्नियल ओपेसिटी जैसी समस्याओं से ग्रसित लोगों के लिए यह जीवन बदलने वाला अवसर होता है।



### प्रशासन की आमजन से अपील

प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिजनों के निधन के पश्चात नेत्रदान जैसे पुण्य कार्य के लिए आगे आएं, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी लाई जा सके।

# मोहलई में संभाग एवं पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहलई में जय महाकाल युवा संगठन के तत्वावधान में संभाग एवं पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीसरे सीजन के रूप में आयोजित की गई, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग दोनों के लिए डे–नाइट कबड्डी मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में क्षेत्र की अनेक टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान सभी टीमों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई, जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पुरुष वर्ग की प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में बागबेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बरकई की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग की प्रतियोगिता में सोड़मा की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। दर्शकों ने महिला खिलाड़ियों के खेल की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुकडू राम, सरपंच श्रीमती हिराबती मंडावी, उपसरपंच अजय जैन सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही दसमती मरकाम, घासू मरकाम, श्याम कोर्राम, सुदेसिंग मरकाम, रमेश मरकाम, विजय जैन, टिकेश्वर सोनवंशी, दिनेश पांडे, दीपक पम्मार, प्रकाश, संदीप मरकाम, सगनू चक्रधारी सहित जय महाकाल युवा संगठन के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# कोरमेल में श्रम पंजीयन शिविर आयोजित, 56 श्रमिकों का हुआ पंजीयन एवं नवीनीकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर नुपूर राशि

- महिला श्रमिकों की रही सक्रिय सहभागिता
- श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी गई जानकारी

पन्ना के निर्देशानुसार कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कोण्डागांव द्वारा विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पंचायत कोरमेल परोदा में निर्माण श्रमिक एवं असंगठित कर्मकारों के लिए मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में कुल 56 हितग्राहियों का पंजीयन, नवीनीकरण किया गया, जिनमें 33 महिला एवं 23 पुरुष श्रमिक शामिल रहे। शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना रहा। शिविर के दौरान श्रमिकों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

इनमें प्रमुख रूप से नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना शामिल रहीं। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को समय–समय पर पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने, योजनाओं का लाभ लेने तथा श्रमिक कल्याण बोर्ड से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर से ग्रामीण श्रमिकों में उत्साह देखने को मिला।

# विधायक लता उसेण्डी ने मोर सुआद दीदी की रसोई का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने गुरुवार शाम

- महिला सशक्तिकरण की दिशा में कोंडागांव को मिला नया आजीविका केंद्र

कोंडागांव में 'मोर सुआद, दीदी की रसोई' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

शुभारंभ अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि घर–परिवार की जिम्मेदारियों के साथ बाहर निकलकर आजीविका अर्जित करना महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन स्वसहायता समूह की महिलाएं इस चुनौती को अवसर में बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

विधायक ने मोर सुआद, दीदी की रसोई की सराहना करते हुए कहा कि यहां लोगों को घर जैसा स्वाद मिलेगा, साथ ही बस्तर की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिलेगी। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने बताया कि यह नवाचार महिलाओ्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां सुविधाओं का विस्तार कर इसे और अधिक आकर्षक व उपयोगी बनाया जाएगा।

मोर सुआद दीदी की रसोई' का संचालन लक्ष्मी स्वसहायता समूह, पलारी द्वारा किया जा रहा है। समूह ने 5 लाख रुपये का समूह ऋण एवं 1.50 लाख रुपये की बैंक सहायता से आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की है। यहां ताजा सब्जियों के साथ–साथ बस्तर की पारंपरिक शिल्प एवं हस्तकला उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

इसी परिसर में सरस्वती स्वसहायता समूह, संबलपुर द्वारा 'आजीविका फ्रेश' के नाम से फल एवं सब्जी विक्रय केंद्र भी प्रारंभ किया गया है, जिससे महिलाओं को अतिरिक्त आय के अवसर मिल रहे हैं।



### दीदी की रसोई' बनेगी ब्रांड

एनआरएलएम जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह ने बताया कि कोंडागांव मुख्यालय में वर्तमान में 5 स्वसहायता समूहों को दीदी की रसोई से जोड़ा गया है। भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अन्य स्थानों पर भी ऐसे केंद्र खोले जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद सुश्री सोनामणि, दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एनआरएलएम के कुंजलाल सिन्हा, दुर्योधन मेंघ सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला धारली में न्योता भोज

**कोण्डागांव।** जोन बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला धारली एवं माध्यमिक शाला धारली के ऑल ओवर चैंपियन बनने की खुशी में दोनों शालाओं के शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के सभी विद्यार्थी, पालकगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्योता भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को खीर–पूड़ी, बड़ा, पनीर सब्जी एवं आलू सेमी सब्जी परोसी गई। स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके लिए यह दिन यादगार बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने कहा कि न्योता भोज छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो भारतीय परंपरा पर आधारित है। इसके माध्यम से समुदाय, संगठन एवं व्यक्ति स्कूल के बच्चों के लिए अतिरिक्त भोजन की व्यवस्था करते हैं, जिससे कुपोषण दूर करने और बच्चों में विद्यालय आने का उत्साह बढ़ाने में मदद मिलती है।

### इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर विकासखण्ड स्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान, एबीओ सखाराम वट्टी, बीआरपी भेदराम मानकर, संकुल समन्वयक राजेन्द्र सोम, प्रधान पाठक गोपाल मरकाम, शत्रुहन भंडारी, पुनारद सोम, चंद्रिका चंद्रवंशी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक भरत पोयाम, सीताराम नेताम, रमेश पोयाम, धरमदेव बघेल, गुरूबारू पोयाम, दिनेश मरकाम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, अन्य विद्यालयों के शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शासकीय बालक आश्रम हरवेल में निगरानी समिति व पालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय बालक आश्रम परिसर में शुक्रवार 2 जनवरी को निगरानी समिति एवं पालक बालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आश्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करना एवं बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

बैठक में आश्रम छात्रवास में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, साफ–सफाई, भोजन, शिक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।



**आश्रम के बच्चों को मिला ट्रैक सूटः** बैठक के दौरान आश्रम में अध्ययनरत सभी बच्चों को ट्रैक सूट का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। सदस्यों ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम, आश्रम अधीक्षक भुनेश्वर नेताम, प्रधान अध्यापक सुकमोतीन नेताम, पंच जयसिंह मंडावी सहित पालक एवं निगरानी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## मसोरा 132/33 केवी उपकेन्द्र में 63 एमवीए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत

# जिले को मिली बड़ी सौगात, विद्युत कटौती से मिलेगी स्थायी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले की विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुक्रवार को 132/33 केवी उपकेन्द्र मसोरा में 63 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, ट्रांसमिशन एमडी राजेश शुक्ला, कार्यपालन निदेशक टी. के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एच. के. सूर्यवंशी सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व में मसोरा उपकेन्द्र में 40–40 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, जिनसे 33 केवी के 08 फीडरों के माध्यम से कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी विकासखंड तथा बड़ेराजपुर के आंशिक क्षेत्रें को विद्युत आपूर्ति की जाती थी। रबी सीजन एवं ग्रीष्म ऋतु में सिंचाई के कारण बढ़ी मांग से उपकेन्द्र पर ओवरलोड की स्थिति बनती थी।

**किसानों और उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभः** 63 एमवीए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के उर्जीकृत होने से उपकेन्द्र की कुल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे लो–वोल्टेज, बार–बार विद्युत कटौती और लोड रिलीफ की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। कृषि, घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बेहतर और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



### जिले के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम

राज्य सरकार द्वारा किसानों की सिंचाई सुविधा, ग्रामीण अधोसंरचना और बुनियादी सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मसोरा उपकेन्द्र में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना कोण्डागांव जिले के समग्र विकास और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक दूरगामी पहल साबित होगी।

# ग्रामीण पशुपालकों के लिए संजीवनी बनी सलीहोत्र एक्सप्रेस



**कोण्डागांव।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत केशकाल में "सलीहोत्र एक्सप्रेस" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। केशकाल विकासखंड में सीमित पशु चिकित्सा सुविधाओं को देखते हुए यह पहल ग्रामीण किसानों के लिए राहत लेकर आई है।

मोबाइल वैन में जांच, टीकाकरण, प्राथमिक उपचार, सर्जरी किट, दवाइयां, वैक्सीन कैरियर और डिजिटल रिकॉर्ड की व्यवस्था उपलब्ध है। मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, रक्त जांच एवं पशुपालकों को परामर्श की सुविधा दी जाएगी। इस सेवा से पशुओं की मृत्यु दर घटेगी, बीमारियों पर नियंत्रण होगा और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी।पशुपालकों और पंचायत प्रतिनिधियों को पशुधन देखभाल एवं आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। केशकाल के साथ–साथ जिले के अन्य विकासखंडों में भी सलीहोत्र एक्सप्रेस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मसीह समाज ने नववर्ष पर बच्चों को दिए गिफ्ट



**तोकापाल।** साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज इंडिया बड़े आरापुर के तत्वाधान में मसीही समाज द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आरापुर चर्च मुख्यालय से लेकर तोकापाल बाजार चौक तक डीजे के साथ गाजे बाजे सहित झंडे लिए नाचते गाते शुभकामना रैली निकाली गई। हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध व सर्व आदिवासी समाज सभी को प्रभु यीशु मसीह के शिक्षानुसार प्रेम व शांति का संदेश सहित शुभकामना दी गई। इस रैली में हजारों संख्या में विश्वासी लोग सम्मिलित हुए। साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज़ चर्च मुख्यालय में नववर्ष सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. रेव्ह सुशील कुमार संगम व पास्टर मीना संगम के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रेम, आशा, विश्वास, एकता व भाईचारे का शास्त्र आधारित उपदेश दिया। सभा में सामाजिक व धार्मिक लीडर्स जकर्याह गागरु नाग गाड़म, सिंह आरापुर, जोसफ मावलीपदर, सेत करंजी, लक्ष्मण, प्रदीप, तुलसी, याकूब सोनी एवं अरुण कुमार नंदा- डिलमिली, यीशुदास काटाकांदा और मिशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बच्चों को क्रिसमस व नए वर्ष की खुशी में उपहार बांटी गई। भोजन के साथ सभा का समापन किया गया।

### अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर सख्त

**बीजापुर।** बीजापुर व्यापारी संघ की मांग पर जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लापरवाही पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाएं, दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों को दूर कर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बीजापुर एसडीएम जागेश्वर कौशल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीआर पुजारी एवं सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर सहित अस्पताल के स्टाफ तथा बीजापुर व्यापारी संघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## निधन

### खिरेंद्रनाथ पाणिग्राही

**जगदलपुर।** नगर निगम के जल विभाग में कार्यरत तथा डोंगाघाट निवासी खिरेंद्रनाथ पाणिग्राही का 2 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया।



वे अपने पीछे पत्नी रवीना पाणिग्राही तथा पुत्र खगेंद्र एवं मुकेश सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके गृह ग्राम डोंगाघाट में विधिवत सम्पन्न किया गया।

## मुख्यमंत्री का हेलीपैड में आत्मीय स्वागत...







**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कारली हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल भी आए। इस दौरान वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला दंतेवाड़ा केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ सागर जाधव तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

### नव पदस्थ कलेक्टर का पहला दौरा कोंटा, विभागों के कामकाजों का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और राजस्व व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कलेक्टर अमित कुमार ने विकासखण्ड कोंटा क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण करते हुए शिक्षा, महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभागों के कार्यों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि जिला सुकमा में नव पदस्थ कलेक्टर अमित कुमार का यह पहला दौरा कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में रहा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थानों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण लिया और गुणवत्ता सुधार को लेकर निर्देश दिए।

- **मध्यान्ह भोजन विद्यालय परिसर में ही बच्चों को उपलब्ध कराया जाए**

कलेक्टर अमित कुमार ने प्राथमिक शाला फंदीगुड़ा का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। उन्होंने बच्चों से रूबरू होकर अध्ययन स्तर जाना तथा स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी की बैठकों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मध्यान्ह भोजन विद्यालय परिसर में ही बच्चों को उपलब्ध कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा घर से थाली या बर्तन लेकर न आए। इसके साथ ही विद्यालय के रसोई कक्ष का निरीक्षण कर स्वच्छता और व्यवस्थाओं की जांच की। इस



निरीक्षण दौरे के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर, एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, पोषण पर विशेष फोकस

कलेक्टर अमित कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही शिक्षा एवं पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को युद्धस्तर पर एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही एनआरसी में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, आंगनवाड़ी केंद्रों में गैस की उपलब्धता, तथा पोषण ट्रैकर में नियमित एंट्री करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होनें पुराना बालक आश्रम छात्रावास, भेज्जी परिसर का निरीक्षण कर उसके मरम्मत कार्य कर कॉलेज विद्यार्थियों के ठहराव हेतु उपयोग में लाने के निर्देश दिए। बालक आश्रम मेहता एवं बालिका आश्रम ढोंड्रा का निरीक्षण किया। बच्चों की दिनचर्या अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता जानी। कलेक्टर ने प्रश्न कर शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। कलेक्टर ने एनआरसी भवन का भी निरीक्षण किया।

### एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण

कलेक्टर अमित कुमार ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों की जानकारी ली और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कोर्ट रूम का निरीक्षण कर लंबित बकाया राशि प्रकरणों की जानकारी ली तथा धान विक्रय से संबंधित मामलों में किसानों से चर्चा की। उन्होंने जाति-निवास प्रमाण पत्र के प्रकरणों में तेजी लाने एवं एसआईआर से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही बीईओ कार्यालय में नियमित अपडेट सुनिश्चित करने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पेसेंट से कुशलक्षेम जाना। कोंटा में ऑपरेशन कक्ष का निरीक्षण कर संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आश्रम छात्रावासों में मलेरिया रोकथाम हेतु मच्छरदानी वितरण एवं नियमित फॉगिंग करने और क्लस्टरवार सभी आश्रम-छात्रावासों को फॉगिंग कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में ग्राउंड फ्लोर की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत, सभी कक्षों पर नाम लिखने के निर्देश भी दिए।

## जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत तुड़पारास का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने आज ग्राम पंचायत तुड़पारास का निरीक्षण कर पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।

- **विकास कार्यों, आंगनवाड़ी व योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी**

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए उनकी गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। आवश्यक सुधार हेतु संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीईओ ने हितग्राहियों से संवाद किया तथा आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं विभागीय अधिकारी, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है तथा इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंची महिला से दुर्व्यवहार

- **महारानी अस्पताल में कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप**



हरिभूम न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत डिमरापाल से आए एक मरीज की माता शोभामणी दास अपनी नवजात नातिन का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महारानी अस्पताल के कक्ष क्रमांक-8 पहुंची थीं। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म भरा किंतु फॉर्म में कुछ त्रुटि रह गई। उनकी आंखों में परेशानी के कारण वह बिना चश्मे के साफ अक्षरों में लिखने में असमर्थ थीं। इसी बात को लेकर संबंधित कर्मचारी और महिला के बीच कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इस दौरान कर्मचारी द्वारा महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीज और उनके परिजन पहले से ही मानसिक एवं शारीरिक तनाव में रहते हैं, ऐसे में कर्मचारियों द्वारा किया गया दुर्व्यवहार उन्हें और अधिक आहत करता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और महारानी अस्पताल की साख बनी रहे।

## महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

जिला प्रशासन द्वारा बिहान योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह एसएचजी गठन एवं शत-प्रतिशत सेचुरेशन के उद्देश्य से एक अभिनव पहल करते हुए सेवा एक्सप्रेस सुकमा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर अमित कुमार ने एसएचजी गठन हेतु समर्पित चार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन दूरस्थ एवं संवेदनशील नियद नेल्ला नार क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को समूहों से जोड़ने का कार्य करेंगे। कलेक्टर ने बिहान की दीदियों एवं जनपद पंचायत की टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसएचजी गठन, बैंक खाता खोलने और आधार से जुड़ाव में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपके समर्पित प्रयासों से कोंटा जनपद में शत-प्रतिशत बैंक खाता और आधार सेचुरेशन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की कोई भी योजना पात्र हितग्राहियों से




वंचित न रहे और कोंटा क्षेत्र के सभी ग्रामों को शत-प्रतिशत एनआरएलएम से जोड़ा जाए। कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि कोंटा जनपद के अंतर्गत नियद क्षेत्र में 37 ग्राम पंचायतें तथा 159 ग्राम आते हैं, जहां की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहान योजना से जोड़ना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का विकास होता है। नई सोच के साथ आगे बढ़ने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर ने कहा कि नियद नेल्ला नार क्षेत्र के गांव-गांव जाकर महिलाओं को बिहान योजना से जोड़ना है। एनआरएलएम के अंतर्गत एसएचजी गठन, बैंक खाता खोलने एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने दिए। जनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रियता के साथ कार्य करें और शासन की योजनाओं से महिलाओं को जोड़ने के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने नारी शक्ति का परिचय देते हुए सभी से प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने कहा। जिला प्रशासन की इस पहल के तहत नियद नेल्ला नार क्षेत्र में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जल्द से जल्द शत-प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश कलेक्टर अमित कुमार द्वारा दिए गए हैं। सेवा एक्सप्रेस के तहत रवाना किए गए चार वाहन चिंतलनार, मरईगुड़ा (वन), दुब्बाटोटा और ढोंड्रा कलस्टरों में नियमित रूप से भ्रमण कर समूह गठन का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनपद पंचायत कोंटा अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर, एसडीएम कोंटा सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच जनपद सदस्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कुपोषण व एनीमिया उन्मूलन के लिए शासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में कुपोषण की दर में उल्लेखनीय कमी लाने तथा एनीमिया से ग्रसित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपोषित छत्तीसगढ़

- **सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ**

अभियान का शुभारंभ 1 जनवरी से किया गया है। यह अभियान बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, सुकमा, जशपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर में एक साथ प्रारंभ किया गया, जिससे व्यापक स्तर पर जनहितकारी प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं



जिसमें निर्धारित 6 माह की अवधि में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया की स्थिति में प्रभावी कमी लाना। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाते हुए उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाना। बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस और परिणामोन्मुख कार्यवाही सुनिश्चित करना। अभियान की सफलता हेतु सुपोषण दूतों, स्व-सहायता समूहों, समुदाय तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना। अभियान के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पोषण आहार वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श सेवाएँ, नियमित फॉलो-अप तथा सतत मॉनिटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। बीजापुर जिले में नैमेड़ व भैरमगढ़ में अभियान का औपचारिक रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम सरपंचों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थित में अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संकल्प व्यक्त किया गया। राज्य शासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह अभियान प्रदेश में कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा, जिससे महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### शपथ पत्र

मैं अमित कुमार सिंह उम्र 42 वर्ष पिता ओंकार सिंह चौहान, निवासी नजदीक सहिद पार्क, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं. 39, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. 494001 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम- Amit Kumar Singh Chauhan S/o. Omkar Singh Chaouhan R/o. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20060006332 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम- Amit Kumar Singh S/o. Onkar Singh Chauhan, R/o. Near Sahid Park, Dr. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 6754 2713 5101 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम- Amit Kumar Singh Chauhan S/o. Omkar Singh Chaouhan R/o. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 के स्थान पर Amit Kumar Singh S/o. Onkar Singh Chauhan, R/o. Near Sahid Park, Dr. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

//ज्ञापन//

क्रमांक 04/अ-89 (13) / अविअ (रा) / 2025-26
जगदलपुर, दिनांक 24 दिसम्बर 2025

प्रति,
श्री धनेश्वर पाण्डे पिता स्व. व्योमकेश पाण्डे एवं श्री विजय पाण्डे पिता श्री कालीप्रसाद पाण्डे, निवासी दलपत सागर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

विषयः- बंधक प्लाट की जानकारी ईश्तहार में प्रकाशित किये जाने बाबत्।

-00-

आपको ग्राम नियानार प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. नानगुर तहसील नानगुर, जिला बस्तर स्थित भूमि खसरा नंबर 39/2 कुल रकबा 0.800 हे. पर कालोनी निर्माण हेतु अभिन्यास अनुमोदन पश्चात् कालोनी विकास की अनुमति नियमानुसार इस न्यायालय द्वारा प्रदान की गई है।
2/ बंधक हेतु प्रस्तावित भू-खण्ड 15, 23, 31, 35, एलआईजी-07, 04, कमर्शियल प्लाट कुल क्षेत्रफल 808.58 वर्गमीटर जो कि कालोनी के आंतरिक एवं बाह्य विकास कार्यों के पूर्ण होने के पश्वात विमुक्त किए जायेंगे तथा नियम 15 के उपनियम 2 के अध्यधीन कालोनाईजर के विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे।

अतः बंधक प्लाट की जानकारी दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कर ईश्तहार प्रकाशन की प्रति यथाशीघ्र इस न्यायालय को उपलब्ध करावे।
संलग्न - उपरोक्तानुसार।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
जगदलपुर जिला बस्तर

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 229/ब-121/2025-26

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सदाराम पिता फूलसिंग जाति भतरा ग्राम बदलावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने रिश्तेदार स्व. बुदरू निवासी ग्राम बदलावण्ड तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के रिश्तेदार स्व. बुदरू पिता उड़दव ग्राम बदलावण्ड का दिनांक 21/01/2022 को मृत्यु हुई है। आवेदक सदाराम पिता फूलसिंग जाति भतरा ग्राम बदलावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर स्वयं अथवा आवेदक के रिश्तेदार स्व. बुदरू का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 06/01/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 23/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### बामनपुर में सैचुरेशन शिविर का आयोजन

**बीजापुर।** नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बामनपुर के आश्रित ग्राम करका वाया, जो कि अनुभाग भोपालपटनम से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अतिसंवेदनशील ग्राम है में आज ग्राम पंचायत भवन में सैचुरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड अपडेट, सोलर पंप हेतु आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों का निराकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी अपने-अपने कार्यों के समाधान हेतु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यशवंत नाग द्वारा शिविर में उपस्थित होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों के त्वरित, पारदर्शी एवं सुचारु निष्पादन के निर्देश दिए।

### समय पर भुगतान से किसान गंगा का बढ़ा आत्मविश्वास

**बीजापुर।** ग्राम जैतालूर निवासी किसान गंगा देव ठाकुर सरकार की धान खरीदी व्यवस्था से लाभान्वित होकर आज आत्मविश्वास और संतोष से भरे हुए हैं। लगभग 25 एकड़ भूमि के मालिक किसान गंगा देव ठाकुर ने इस वर्ष अपनी उपज का धान बीजापुर स्थित उपार्जन केंद्र में विक्रय किया।

किसान गंगा देव ठाकुर ने बताया कि धान विक्रय के तीसरे दिन ही पूरी राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई, जिससे उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने उस राशि का उपयोग अपने ट्रैक्टर की किस्त अदा करने में किया जिससे उनके चेहरे पर स्पष्ट खुशी नजर आई। किसान ने धान उपार्जन केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थित व्यवस्थाओं, पारदर्शी प्रक्रिया और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

# अब दफ्तर नहीं, गांवों में होगा प्रशासन, हर पंचायत में सजेगी सुशासन चौपाल

## अधिकारियों का गांवों में सीधा संवाद, योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में सुशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक व्यापक और सुनियोजित रोडमैप तैयार किया है। इस पहल के तहत अब प्रशासनिक अमला दफ्तरों की चारदीवारी से बाहर निकलकर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचेगा और ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर जनता से संवाद करेगा। इसका उद्देश्य न केवल योजनाओं की वास्तविक स्थिति को समझना है, बल्कि मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना भी है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस अभियान की शुरुआत लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत से होगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से जिले की सभी जनपद पंचायतों में निरीक्षण एवं चौपाल आयोजित किए जाएंगे। तय तिथियों के अनुसार 30 जनवरी को दरभा, 20 फरवरी को बकावण्ड, 6 मार्च को बास्तानार, 25 मार्च को जगदलपुर, 10 अप्रैल को बस्तर तथा 30 अप्रैल 2026 को तोकापाल जनपद पंचायत में प्रशासनिक चौपाल एवं निरीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।



फाइल फोटो

### चौपाल अभियान में किन योजनाओं पर रहेगा फोकस

चौपाल एवं निरीक्षण अभियान के दौरान अधिकारी मध्यान्ह भोजन योजना, पूरक पोषण आहार,जल जीवन मिशन,मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाएं,स्कूल-आंगनबाड़ी संचालन,सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण और विकास कार्यों की गहन समीक्षा करेंगे,साथ ही ग्रामीणों से सीधा संवाद कर मौके पर ही समस्याओं के निराकरण की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम के तहत अधिकारी सुबह 10 बजे ग्रामों में पहुंचकर स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, राशन दुकान, निर्माणाधीन व पूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे पंचायत भवन में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने जाएंगे, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच सके।

इस पूरे अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी जिला व जनपद स्तरीय अधिकारियों को आदेशों का सूक्ष्मता से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान किन-किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना है, इसके लिए पृथक से विस्तृत निरीक्षण प्रपत्र भी जारी किया जाएगा। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं की जमीनी सच्चाई सामने लाने और जवाबदेही तय करने की कोशिश की जा रही है। बस्तर कमिश्नर (बस्तर संभाग) डोमन सिंह के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर (बस्तर जिला) हरिस एस द्वारा यह कार्यक्रम जारी किया गया है।

## अब धरती के भीतर छिपे पानी से सिंचाई की नई उम्मीद

# सिंचाई रकबा बढ़ाने बनाई गई ठोस कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद आज भी बड़ी आबादी सिंचाई सुविधाओं से वंचित है, जिससे कृषि पूरी तरह मानसून पर निर्भर बनी हुई है। सतही जल परियोजनाओं के सीमित विस्तार और पुरानी योजनाओं की जर्जर स्थिति के बीच अब शासन ने सिंचाई के वैकल्पिक और प्रभावी माध्यम के रूप में भू-जल पर फोकस बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत "हर खेत तक पानी" पहुंचाने की दिशा में भू-जल आधारित सिंचाई को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

- **पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत हर खेत तक पानी पहुंचाने की तैयारी**



अब तक बस्तर में कई मध्यम और लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए सर्वे तो किए गए, लेकिन स्थानीय विरोध और अन्य कारणों से कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना को छोड़कर अधिकांश योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं। वहीं, पहले से संचालित कई सिंचाई परियोजनाएं मरम्मत और पुनरुद्धार की मांग कर रही हैं। इस स्थिति को देखते हुए भू-जल के माध्यम से सिंचाई रकबा बढ़ाने को व्यवहारिक समाधान माना जा रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार बस्तर जिले के प्रत्येक विकासखंड में बरसाती नाले मौजूद हैं,जिनका अधिकांश जल बारिश के बाद बिना उपयोग के बहकर निकल जाता है। यदि इन नालों पर छोटे-छोटे बांध, स्टॉपडेम और भू-जल रिचार्ज संरचनाएं विकसित की जाएं,तो व्यापक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने भू-जल के माध्यम से अतिरिक्त 15 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए कार्ययोजना बनाकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

बस्तर जिले में बहने वाली इन्द्रावती और नारंगी नदी के किनारे मध्यप्रदेश शासनकाल में उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं के तहत पम्प हाउस और केनाल का निर्माण किया गया था, लेकिन वर्तमान में कई स्थानों पर ये संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और मरम्मत की आवश्यकता है। यदि इन परियोजनाओं का पुनरुद्धार कर भू-जल आधारित योजनाओं से जोड़ा जाए, तो सिंचाई रकबा उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेतों तक पानी पहुंचेगा,बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। प्रदेश में सिंचाई रकबा बढ़ाने और पुरानी परियोजनाओं की मरम्मत कर किसानों को लाभ पहुंचाने के निर्देश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए हैं।

### भू-जल आधारित सिंचाई की कार्ययोजना

भू-जल के सीमित उपयोग को देखते हुए पहले चरण में प्रत्येक विकासखंड में उपलब्ध बरसाती नालों की पहचान की जाएगी, दूसरे चरण में छोटे-छोटे बांध और स्टॉपडेम बनाकर जल संरक्षण व रिचार्ज किया जाएगा, तीसरे चरण में ट्यूबवेल व पम्प आधारित सिंचाई संरचनाएं विकसित की जाएंगी, चौथे चरण में पुरानी उद्वहन व केनाल परियोजनाओं की मरम्मत कर उन्हें जोड़ा जाएगा और अंतिम चरण में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक नियमित सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

# रेलवे ब्लाक से बस्तर की लाइफलाइन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नए साल की शुरुआत में ही बस्तर अंचल के रेल यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा कोत्तावालसा-किरंदुल रेलखंड पर तकनीकी कार्य के लिए लिए जा रहे ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक का सीधा असर बस्तर से जुड़ी यात्री व एक्सप्रेस ट्रेनों पर पड़ा है। इस ब्लॉक के चलते जगदलपुर रूट की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचेंगी और कोरापुट स्टेशन पर ही रोक दी जाएंगी, जिससे बस्तर का रेल संपर्क अस्थायी रूप से बाधित हो जाएगा।

- **जगदलपुर आने-जाने वाली ट्रेनें कोरापुट में थमेंगी**

रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार विशाखापत्तनम-किरंदुल और किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर ट्रेनों को पूर्ण दूरी तक न चलाकर कोरापुट में ही समाप्त व प्रारंभ किया जाएगा। इसी तरह भुवनेश्वर-जगदलपुर और राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन भी आंशिक रूप से सीमित रहेगा। इस कारण कोरापुट से आगे जगदलपुर और किरंदुल की ओर जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन की




स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। ब्लॉक अवधि के दौरान रेल परिचालन सामान्य होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी, जिसके बाद ट्रेनों को पुनः अपने नियमित मार्ग पर चलाया जाएगा।

### ब्लाक से इन ट्रेनों के परिचालन होगा प्रभावित

कोत्तावालसा-किरंदुल रेलखंड में 6 जनवरी को प्रस्तावित ट्रैफिक ब्लॉक के कारण विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर 58501 कोरापुट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी,जबकि किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर 58502 कोरापुट से ही शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी। इसी प्रकार 5 जनवरी को भुवनेश्वर-जगदलपुर एक्सप्रेस 18447 और 6 जनवरी को जगदलपुर-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 18448 कोरापुट तक सीमित रहेंगी। राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 18107 (5 जनवरी) और जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 18108 (6 जनवरी) भी कोरापुट पर ही समाप्त व प्रारंभ होंगी,जिससे कोरापुट-जगदलपुर–किरंदुल के बीच रेल सेवा अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

# अवकाश के चलते परीक्षा टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां शाकंभरी जयंती एवं छेरछरा पर्व के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश का सीधा प्रभाव शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ा है। इसी क्रम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने 3 जनवरी को आयोजित होने वाली समस्त सेमेस्टर परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार उक्त तिथि की परीक्षाएं अब 4 फरवरी को आयोजित की जाएंगी। अवकाश के कारण उत्पन्न प्रशासनिक एवं परीक्षा संचालन संबंधी व्यवधान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

अवकाश के चलते बदली परीक्षा तिथि, फरवरी में होगी परीक्षा

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल 3 जनवरी की परीक्षाएं स्थगित की गई हैं, अन्य निर्धारित परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होंगी। बदली हुई तिथि को लेकर विद्यार्थियों से तैयारी में आवश्यक संशोधन करने की अपील की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

इसी बीच सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थी 1 जनवरी से 15 जनवरी तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा फार्म ऑनलाइन भर सकते हैं।

वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातक भाग-दो के प्राइवेट एवं पूरक (अंतिम अवसर),स्नातक भाग-तीन के रेगुलर,प्राइवेट,भूतपूर्व एवं पूरक परीक्षार्थी तथा स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थी आवेदन के पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के पश्चात उसकी प्रिंट प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में 16 जनवरी तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी, ताकि आवेदन को वैध माना जा सके।

# पुलिस को देख स्कार्पियो छोड़कर भागे आरोपी जांच में मिला दुर्लभ वन्य प्राणी पेंगोलिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

नए साल में पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भारी तादात को देखते हुए दरभा पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की एमसीपी लगाकर जांच की जा रही है। ऐसे ही एक जांच के दौरान स्कार्पियो वाहन में सवार चार लोग वाहन छोड़कर भाग गए। जांच के दौरान वाहन से पुलिस ने विलुप्त दुर्लभ वन्य प्राणी पेंगोलिन व अन्य सामान बरामद किया है।

- **वाहन में सवार थे चार लोग, पुलिस कर रही तलाश**
- **नए साल को देखते हुए चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान**

एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश पर जिले भर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में दुर्घटना रोकने अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत

चेकिंग के दौरान दरभा टीआई चाणक्य नाग के निर्देश पर एसआई द्वारिका प्रसाद मिश्रा व स्टॉफ द्वारा ग्राम तीरथगढ़ तिराहा चौक के पास एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की जा




रही थी। संदिग्ध वाहनों व शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों की जांच के दौरान दोपहर लगभग एक बजे कुटुम्बसर से तिरथगढ की ओर आ रहे एक सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी18 आर 9974 को रूकने के लिए हाथ दिखाया गया लेकिन चेकिंग को देखते हुए लगभग 50 मीटर पहले ही चालक द्वारा वाहन को बंद कर दिया गया और चालक तथा सवार अन्य चार लोग दरवाजा खोलकर भागने लगे। मौके से पुलिस ने स्कार्पियो वाहन कीमत 15.30 लाख रूपए जब्त कर मौके पर मौजूद लोगों के सामने वाहन की जांच की गई। वाहन की तलाशी करने पर विलुप्त दुर्लभ वन्य प्राणी पेंगोलिन तथा बैग में अन्य सामान मिले है जिसे मौके पर बरामदगी कर पंचनामा किया गया। मामले में फरार आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 धारा 9, 39, 44, 49, 50, 51, 52, 57 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। दरभा टीआई चाणक्य नाग ने बताया कि वाहन के नम्बर से वाहन में सवाल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पतालों में परिजनों के लिए बनेंगे विश्राम गृहः पारख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष के पहले दिन राज्य के महत्वपूर्ण शहर रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ व जगदलपुर में स्थापित मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल परिसर के अंदर मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह बनाए जाने की पहल की है। इस फैसले को छत्तीसगढ़ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने स्वागत किया है।



- **सरकार का माना आभार**

जारी बयान में उन्होंने आभार मानते कहा है कि आदिवासी अंचल बस्तर में स्थापित मेडिकल कॉलेज में नारायणपुर, कोण्डागांव, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से काफी संख्या में मरीज ईलाज कराने आते हैं । परंतु अस्पताल परिसर के आस-पास विश्राम गृह की व्यवस्था न होने से मरीज के लंबे ईलाज के कारण परिजन आर्थिक परेशानी झेलते हैं। इस फैसले से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। अब तक परिजन अस्पताल के हॉल में या खुली जगह पर रात गुजारनी पड़ती है अथवा अस्पताल से दूर स्थित लॉज, हॉटल में रूकने के लिए मजबूरन महंगे दरों पर कमरा लेने को विवश होना पड़ता है। लेकिन सरकार के जनहितैषी फैसले से परिजनों को ठहरने की सुविधा के साथ अब भोजन, बिस्तर, स्वच्छ शौचालय व दवाईयों के लिए अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सभी जरूरी सुविधाएं परिसर के अंदर ही मिल सकेंगी। अगले कुछ महीनों में चालू होने वाली इस योजना से अस्पतालों में भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को राहत मिलेगी।

मनीष पारख ने कहा है कि छ.ग. चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं सेवादान आरोग्य संस्था के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कारगर साबित होगा।

## वाहन चालकों को जागरूक करने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे माह धुमेगी यातायात रथ

# एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया यातायात जागरूकता रथ को रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालकों के घायल होने व मौत के बढ़ते मामलों को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन पुलिस कप्तान शलभ कुमार सिन्हा ने यातायात रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने बताया कि 30 दिन तक यातायात रथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घुम घुमकर वाहन चालकों को जागरूक करेगी। इस दौरान लोगों को दुर्घटनाओं की जानकारी देते हुए इसके कारणों को भी बताया जाएगा।

- **शॉट फिल्म दिखाकर लोगों को दुर्घटना के वास्तविक कारणों की दी जाएगी जानकारी**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एसपी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत यातायात जागरूकता वाहन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन 30 दिन तक लगातार शहर तथा विभिन्न ग्रामों व कस्बों में घूम कर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। यातायात रथ को रवाना करने के दौरान एएसपी महेश्वर नाग, डीएसपी यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, एएसआई प्रवीण जोशी, प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व यातायात के अन्य स्टाफ मौजूद थे।




**गुड सेमेरिटन लॉ की जानकारी के साथ ही घायलों की मदद करने की जाएगी अपीलः** एसपी ने बताया कि यातायात रथ आज से लगातार 30 दिनों तक जिले के विभिन्न ग्राम, कस्बों के चौक चौराहे, साप्ताहिक हाट बाजार, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान में जाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों के साथ साथ सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना से रोकथाम के साथ सड़क दुर्घटना के घायलों के मदद करने संबंधी गुड सेमेरिटन लॉ के बारे जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर एसपी ने आम जनता से अपील की है कि सड़क पर चलते समय हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय ओवर स्पीड व ओवर टेक से बचें। सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्ति को त्वरित अस्पताल पहुंचाने में मदद करें, नशे में वाहन ने चलावें क्योंकि सुरक्षित सफर ही सुरक्षित जीवन है।

### चार बिन्दुओं पर रहेगा फोकस

एसपी ने यातायात जागरूकता रथ निकालने के प्रमुख उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को चार बिन्दुओं में जानकारी दी जाएगी। इसका प्रमुख उदुदश्य आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित सफर के साथ दुर्घटना से बचाव व रोकथाम करना। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों की उपेक्षा करने से होने वाले संभावित सड़क दुर्घटना के कारण शारीरिक चोट एवं उसके मानसिक प्रभाव व दुष्परिणाम के बारे में समझाना। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित लघु फिल्म, वीडियो को दिखाकर लोगों को घटना के वास्तविक कारणों को बता कर उन्हें समझाना तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को शासन से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी पोस्टर, पांपलेट का वितरण करना है।

